यह बात समझ नहीं आती कि हमारे नौजवान लड़कियों को और नौजवान लड़कों को फोन में पासवर्ड डालने की क्या जरूरत है ? खैर मां-बाप तो अपनी लड़की को मोबाइल फोन देंगे ही लेकिन मां-बाप को भी यह जान लेना चाहिए कि अगर आप लड़की को मोबाइल फोन दे तो लड़की को सख्त ताकीद कीजिए की मोबाइल का इस्तेमाल करना है तो पासवर्ड मत लगाना अगर तुमने पासवर्ड लगा दिया तो तुमसे मोबाइल छीन लिया जाएगा।

हमारे समाज के छोटे बच्चे भी इस फितने के खास शौकीन बन गए हैं।

वो दौर गया जब बच्चे क्रिकेट खेलते थे, दौड़ते थे, फुटबॉल खेलते थे, वॉलीबॉल खेलते थे, बच्चों का बचपन छीन लिया इस मोबाइल ने, बच्चों का शौक छीन लिया इस मोबाइल और टी.व्ही. ने, बच्चों को वक्त से पहले बालिग बना दिया इस मोबाइल और टी.व्ही. नेअगर हम इस मोबाइल और टी.व्ही. जैसे तूफान को नहीं रोक सके

हमने इनके इस्तेमाल को कंट्रोल नहीं किया तो आने वाले दस सालों के बाद इस समाज में शर्म, हया और गैरत आपको चिराग लेकर ढूंढना पड़ेगा शर्म, हया और गैरत नाम की चींजे समाज से रुखसत हो जाएगी

अल्लाह ऐसे फ़ितनों से हमे दूर रखे

आमीन

माल और वक़्त बरबाद, स्कूल और कॉलेज आबाद

आप को अच्छा लगे या ना लगे लेकिन माल और वक़्त की बरबादी का दूसरा नाम स्कूल और कॉलेज है। अगर आप ये समझते है के हम इल्म हासिल करने के ख़िलाफ़ है तो आप को मेरी बातें समझ नहीं आएगी। आप अगर ये समझते है के इल्म हासिल करने के लिए हम स्कूल और कॉलेज के मोहताज है तो भी आप को मेरी बातें समझ नहीं आएगी।

मैं एक ऐसी हकीकत पर से पर्दा उठाने की कोशिश कर रहा हु जिस पर कई पर्दे है। हमारे मुआश्रे में अब एक अजीब माहोल बन चुका है के जिस काम को लोग कसरत से करते है या करने को जरूरी समझते है, हमें भी वही करना है और वही जरूरी है।

स्कूल और कॉलेज में बच्चो की आधी ज़िन्दगी बीत जाती है लेकिन हासिल क्या होता है? ये आप खुद देखे तो मालूम हो जाएगा।

मैंने कई पढ़ाकू देखे है जिन्होंने स्कूल और कॉलेज के हजारों चक्कर लगाए है लेकिन उन्होंने इल्म हासिल नहीं किया। ये आप समझते है के स्कूल और कॉलेज ही इल्म हासिल करने का जरिया है लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। जब स्कूल और कॉलेज का नामो निशान नहीं था, उस वक़्त ऐसे ऐसे लोग मौजूद थे जिनके बारे में पढ़ कर ये कहना बिल्कुल सही होगा के सैंकड़ों स्कूल और कॉलेज के मुकाबले में वह अकेले काफी थे। दरअसल वह इल्म हासिल करते थे और हम बस रसम (formality) अदा कर रहे है और इसे जरूरी भी समझ रहे है।

इल्म हासिल करने के लिए उम्र क्या होनी चाहिए?

वक़्त कितना लगना चाहिए? माल कितना खर्च होना चाहिए? अगर वक़्त और पैसे ज्यादा लग रहे है तो इल्म कोन सा और कितना हासिल होना चाहिए? इन बातो का अंदाज़ा लगा सकते है तो लगाए और देखे के आप स्कूल और कॉलेज में तालीम हासिल कर रहे है या अपना और अपने बच्चो का वक़्त बर्बाद कर रहे है।

गर्ल फ्रेंड और बॉय फ्रेंड क़ियामत में एक दूसरे के दुश्मन होंगे

अल्लामा इब्ने जौज़ी लिखते हैं कि एक इबादत गुज़ार शख्स को एक लड़की से इश्क़ हो गया। उन के इश्क़ का पूरे शहर में चर्चा हो गया। एक दिन लड़की ने कहा कि अल्लाह की क़सम मै आप से मुहब्बत करती हूँ। लड़के ने कहा कि अल्लाह की क़सम मै भी तुम से मुहब्बत करता हूँ। लड़की ने कहा कि मै चाहती हूँ कि अपना मुँह तुम्हारे मुँह पर रखूँ। उस ने कहा कि मै भी यही चाहता हूँ। लड़की ने कहा कि मै चाहती हूँ कि अपना सीना तुम्हारे सीने से लगाऊँ और अपना पेट तुम्हारे पेट से लगाऊँ। उस ने कहा कि मै भी यही चाहता हूँ।

लड़की ने कहा कि फिर तुम्हें किस ने रोका है? अल्लाह की क़सम यही तो मुहब्बत का मौक़ा है तो उस ने जवाब दिया कि अल्लाह त'आला का फरमान है।

اَلْاَخِلَّآءُ يَوْمَىِٕذٍۢ بَعْضُهُمْ لِبَعْضٍ عَدُوٌّ اِلَّا الْمُتَّقِيْنَؕ **(67:43)**

اس)قیامت کے (دن گہرے دوست ایک دوسرے کے دشمن ہوجائیں گے سوائے پرہیزگاروں کے۔

"उस (क़यामत के) दिन गहरे दोस्त एक दूसरे के दुश्मन हो जाएंगे सिवाए परहेज़गारों के"

फिर वो कहने लगा कि मै इस को पसंद नहीं करता कि तुम्हारी और मेरी दोस्ती क़ियामत के दिन दुश्मनी में बदल जाये। लड़की ने कहा कि हमारा रब हमारी

तौबा क़ुबूल कर लेगा लिहाज़ा हम तौबा कर लेंगे। उस ने कहा कि क्यों नहीं लेकिन मुझे इस का इत्मिनान नहीं है कि मुझे अचानक मौत ना आ जाये। फिर वो उठा और उस की आँखों में आँसू थे और फिर दोबारा कभी उस लड़की के पास ना गया और अपनी इबादत में मसरूफ हो गया।

(ذم الهوى لابن جوزى ملخصاً)

नौजवानों अगर तुम्हें किसी से प्यार हो गया है और तुम्हारा प्यार सच्चा है तो क्या तुम ये पसन्द करोगे कि चंद दिनों की दुनिया के बाद क़ियामत में तुम्हारा महबूब तुम्हारा दुश्मन हो जाये?

क्या ये अच्छा होगा कि आज तुम इसे हासिल कर लो लेकिन हमेशा के लिये खो दो? नहीं हरगिज़ नहीं!

एक सच्चा आशिक तो ये चाहेगा कि मै अपने महबूब को हमेशा के लिये हासिल कर लूँ और उस का एक ही तरीक़ा है कि तक़वा को ना छोड़ा जाये और गुनाहों से बचा जाये।

आप को जिस से मुहब्बत हुई उस से निकाह कर लीजिये। यही सब से बेहतरीन हल है। इस से आप को यहाँ भी फाइदा होगा कि आप का महबूब आप की नज़रों के सामने होगा और आप का तक़वा भी सलमात रहेगा और वहाँ भी आप अपने महबूब को महबूब ही पायेंगे ना कि दुश्मन।

अगर निकाह ना हो पाये तो कोई ऐसा काम ना करें जो आप के महबूब को आप से हमेशा के लिये दूर कर दे। अगर आप ने अपना दामन गुनाहों से खाली रखा तो यक़ीन जानिये कि अल्लाह त'आला हर शय पर क़ादिर है, वो आप के दामन को आप की मुरादों से भर देगा।

कुँवारा नहीं मरना

कुँवारा मरना अच्छी बात नहीं है। हमारे बुज़ुर्गों ने ये नहीं सिखाया।

हज़रते इब्ने मसऊद रदिअल्लाहु त'आला अन्हू फ़रमाते थे अगर मेरी उम्र में से सिर्फ़ दस दिन बाक़ी रह गये हों और उन के बाद मेरी मौत हो तो मे चाहूँगा कि निकाह कर लूँ और अल्लाह त'आला से इस हालत में मुलाक़ात ना हो कि मै कुँवारा रहूँ।

(قوت القلوب، ج2، ص827)

इमाम अहमद बिन हम्बल रहमतुल्लाह अ़लैह के मुतल्लिक़ बयान किया जाता है कि आप की बीवी का इंतिक़ाल हुआ तो अगले ही दिन आप ने निकाह कर लिया।

हज़रते बिश्र रहमतुल्लाह अ़लैह का इंतिक़ाल हुआ तो किसी ने आप को ख्वाब में देखा। आप ने फ़रमाया कि मुझे ये मक़ाम अ़ता किया गया लेकिन शादी शुदा लोगों के मक़ाम तक ना पहुँच सका। (उन को अहलो अयाल पर सब्र करने की वजह से एक खास मक़ाम हासिल हुआ।)

हज़रते म'आज़ बिन जबल रदिअल्लाहु त'आला अन्हू की बीवी (ताऊन की वजह से) इंतिक़ाल फ़रमा गई तो आप ने फ़रमाया कि मेरा निकाह कर दो, मै नहीं चाहता कि अल्लाह त'आला से इस हालत में मिलूँ कि मै कुँवारा रहूँ।

(ایضاً)

कुँवारे समाज को चाहिये कि इस समाज को छोड़ कर शादी शुदा समाज में दाखिला ले लें। कुँवारे से ज़्यादा शादी शुदा की फ़ज़ीलत हैं। मुख्तसर ये कि जल्दी-जल्दी शादी कीजिये। कब तक कुँवारों की तंज़ीम के मेम्बर बने रहेंगे?

पाऊँ पर खड़े होने के बाद शादी करेंगे

यही कहते हैं हम कि पहले पाऊँ पर खड़े हो जायें फिर शादी करेंगे। अब पाऊँ पर खड़े कब होंगे ये हमें भी पता नहीं होता। पढ़ने के लिये जा रहे कुछ लड़कों को देख कर लगता है कि ये कम से कम दो तीन बच्चों के बाप होंगे लेकिन मालूम करने पर कुँवारे निकलते हैं। फिर पूछने पर कहते हैं कि अपने पाऊँ पर खड़े हो जायें फिर.....

नर्सरी से मेट्रिक, फिर इंटर, बेचलर, मास्टर, डॉक्टर, इंजीनियर वग़ैरह के मक़ाम तक पहुँचते-पहुँचते एक तिहाई उम्र मुकम्मल हो जाती है फिर बारी आती है नौकरी की जिस में आज कल अच्छा खासा वक़्त लग जाता है। अगर नौकरी ना कर के अपना बिज़निस करे तो उसे जमाने के लिये काफ़ी वक़्त देना पड़ता है। इस तरह तक़रीबन आधी ज़िंदगी पार हो जाती है। उस के बाद जब लगता है कि एक पाऊँ पर तो खड़े हो ही गये हैं फिर शादी की निय्यत की जाती है। शादी के वक़्त ऐसा भी देखा गया है कि लड़का, लड़के का वालिद नज़र आता है।

क्या शादी के बाद पाऊँ पर खड़े नहीं हो सकते? बिल्कुल हो सकते हैं। शादी को रुकावट समझना सही नहीं है बल्कि शादी के बाद कामियाबी के इम्कानात ज़्यादा होते हैं। घर में ऐसा होता ही है कि कई लोगों का आना जाना, खाना पीना लगा रहता है फिर एक औरत के आने से क्या भूका रहने की हालत हो जायेगी। अब बात आती है कि खर्चे की तो फिज़ूल खर्चे को ज़रूरी समझना आप की गलती है।

जिस उम्र में आज कल अक्सर लड़के शादी करते हैं, इतनी उम्र में तो चार शादियाँ हो जानी चाहियें जितना पैसा जमा कर के शादी करते हैं उतने में चार बीवियों का नहीं तो कम से कम दो बीवियों का खर्च ज़रूर उठाया जा सकता है।

एक वो लोग हुआ करते थे जो इक्कीस साल की उम्र में क़ुस्तुंतुनिया की दीवारें गिरा कर आगे बढ़ जाते थे और एक हम हैं कि इस उम्र को खेलने कूदने, अंग्रेज़ी पढ़ने और मौज़ मस्ती करने की उम्र समझते हैं।

काली गोरी हर लड़की के पास वही चीज़ है

इन अलफाज़ को गलत ना समझें। ये बात बिल्कुल दुरुस्त है कि लड़की चाहे काली हो या गोरी सब के पास एक जैसी चीज़ है। ये हमारी समझ का फेर है कि हम गोरी को अच्छा समझते, पसंद करते हैं और काली को बुरा समझते हैं, नापसंद करते हैं।

अगर मेरे अलफाज़ गलत लगते हैं तो ये हदीस पढ़ लें :

नबी -ए- करीम ने इरशाद फरमाया कि जो मर्द किसी औरत को देख ले और वो उसे भली मालूम हो तो वो अपनी बीवी के पास आ जाये (अपनी हाजत पूरी कर ले) और उस (की बीवी) के पास भी वही है जो उस औरत के पास है।

(مشکوٰۃ:3108، دارمی:2252، اسی طرح کی حدیث ابو داؤد، ترمذی، ابن حبان، نسائی کبری، سنن بہیقی، مسند عبد بن حمید میں بھی ہے)

मिरकात में है कि जब किसी औरत पर नज़र पढ़ जाये (और वो अच्छी लगे) तो फौरन घर वाली के पास आयें और उस से जिमा करें ताकि जिन्सी तस्कीन हो जाये और खयालात खतम हो जायें। इस लिये कि उस के पास भी उसी तरह की शर्मगाह है जो इस के पास है।

(مرقاۃ المفاتیح، ج6، ص45)

अल्लामा मुफ्ती अहमद यार खान नईमी रहीमहुल्लाह लिखते हैं :

सुब्हान अल्लाह! कैसे नफ़ीस तरीक़े से समझाया कि लज़्ज़ते जिमा तो अपनी क़ुव्वत पर मब्नी है। जिस तरह मनी गलीज़ होगी और मर्द में ताक़त ज़्यादा होगी उसी क़द्र लज़्ज़त महसूस होगी। जो लज़्ज़त उस देखी हुई औरत से सोहबत करने में होती हो वो अपनी बीवी से सोहबत करने में है फिर हरामकारी से मुँह काला क्यों करते हो?

(مرآۃ المناجیح، ج5، ص29)

कितने वाज़ेह अलफाज़ में समझाया गया है मगर गोरे रंग के दीवानों को समझ में नहीं आती।

कई बार निकाह के लिये लड़का या लड़के वाले इसलिये इन्कार कर देते हैं कि लड़की का रंग गोरा नहीं है। क्या हम उस दीन के मानने वाले नहीं जिस में गोरे को काले पर कोई फज़ीलत हासिल नहीं फिर हम ऐसा क्यों करते हैं।

ये सोचना गलत है कि काली लड़की से जिमा करने पर लज़्ज़त नहीं मिलेगी। ये हमने सोच बना रखी है। लज़्ज़त का ताल्लुक़ तो अपने जिस्म से है। अगर खुद में कमी है तो चाहे गोरी हो या काली, लज़्ज़त में फर्क़ नहीं पड़ने वाला। हमें बस सोच बदलने की ज़रूरत है। काश ये बात हर लड़के की समझ में आ जाये और किसी लड़की को अपने रंग की वजह से मायूस ना होना पड़े।

लड़कियों में आज़ाद खयाली

हमारे ज़माने की लड़कियां...! अल्लाह रह्म करे।
आज़ाद ख़याली इन में बे हद बढ़ चुकी है। इसकी सबसे बड़ी वजह है अ़सरी ता'लीम, ये बस नाम की ता'लीम है के जहां वक़्त और पैसा ही नहीं बल्के लड़कियों का ज़हन भी बर्बाद हो रहा है। जिसे देखिए अपनी बेटी को "कुछ बनाने" की धुन में मगन है और असल चीज़ों को भुला बैठा है। एक लड़की घर का काम जानती हो या न जानती हो लेकिन उसे बी.ए, एम.ए ज़रूर पढ़ाना है जो के उसकी

ज़िंदगी को खुश ह़ाल बनाने के लिए यक़ीनन ना काफ़ी है। कुछ लोगों ने तो ये सोच बना रखी होती है के अगर लड़की के साथ कुछ बुरा होता है तो वो आगे चलकर ख़ुद कमा खा सकती है, ये बड़ी अजीब सोच है जो सिर्फ़ सुनने में अच्छी लगती है। एक ऐसी ही सोच ये है के लड़कियों को डॉक्टर बनाना ज़रूरी है और इस सोच पर बिना सोचे समझे पूरी उम्मत की लड़कियों को इस दौड़ में लगा दिया गया और ह़ासिल कुछ नहीं हुआ और जो थोड़ा बहुत हुआ भी है तो वो पहुंचने वाले नुक़्सान के सामने कुछ भी नहीं।

अ़सरी ता'लीम का जो निज़ाम है और जो निसाब में शामिल मवाद है वो एक लड़की के अंदर से कई चीज़ों को छीन लेता है जिन में एक ह़या भी है।

इन मुआ़मलात पर हकीमुल उम्मत, मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान नई़मी रह़मतुल्लाहि तआ़ला अ़लैह ने बहुत तफ़सील से लिखा है और उन्हीं की ता'लीमात की हम आ़म कर रहे हैं। हमारा बयान उन्हीं की इ़बारत का ख़ुलासा है। ये जिसे आज लोग अच्छा समझने लगे हैं वो बुरा है और जो अच्छा है उसे बुरा समझा जा रहा है।
एक लड़की को पढ़ाने के नाम पर बहुत फितने पैदा हो रहे हैं और नुक़्सान ही नुक़्सान हो रहा है। हर घर इस फितने की आग की तपिश से जल रहा है लेकिन फिर भी लोग समझने के लिए तैयार नहीं हैं। लड़कियों की अ़सरी ता'लीम कोई छोटा मसअला नहीं है, इस पर ग़ौर करना ज़रूरी है।
लड़कियों को आज़ाद ख़याल बनने से बचाना है तो उन्हें इस नाम निहाद ता'लीम से दूर करना होगा वरना घर घर में पढ़ी लिखी लड़की की शक्ल में एक फितना मौजूद होगा और काफ़ी ह़द्द तक ऐसा हो भी चुका है। हम अल्लाह तआ़ला से आ़फ़ियत के त़ालिब हैं।

लड़की वालों से एक सवाल

लड़की वाले मज़्लूम कहलाते हैं कि उन से जहेज़ और नक़दी का मुतालिबा किया जाया है पर आज मैं लड़की वालों से एक ऐसा सवाल पूछने जा रहे हैं कि उन की पोल खुल जायेगी, दीनदारी ज़ाहिर हो जायेगी और सब को मालूम हो जायेगा कि कौन दूध का धुला हुआ है।

माफ़ कीजियेगा मेरे अलफाज़ अगर्चे दुरुस्त ना हों पर हक़ीक़त तो हक़ीक़त है।

सवाल ये है कि आप की लड़की के लिये आप के सामने दो रास्ते हैं :

पहला एक ऐसा लड़का जो दीनदार है, पढ़ा लिखा है, बीवी के हुक़ूक़ जानता है, आप से नक़दी नहीं लेगा, जहेज़ नहीं लेगा और सुन्नत के मुताबिक़ निकाह करेगा।

दूसरा एक ऐसा लड़का है जो नमाज़ नहीं पढ़ता, दाढ़ी नहीं रखता, दीनदार नहीं, बीवी के हुक़ूक़ का पता नहीं, ऐश मौज की ज़िंदगी जीने वाला और आप से 1 लाख+ लेगा, जहेज़ भी लेगा और बाजे गाजे के साथ आप की बैंड बजा कर शादी करेगा।

अब आप बतायें कि लड़की किस को देंगे?

रुकिये रुकिये जनाब इतनी आसानी से आप जवाब नहीं दे सकते।

जवाब देने से पहले ये जान लीजिये कि पहला लड़का शादी शुदा है और दूसरी शादी करना चाहता है यानी एक से ज़्यादा बीवियाँ रख कर अस्लाफ़ के तरीक़े पर चलना चाहता है और दूसरा लड़का कुँवारा है तो अब आप जवाब दे सकते हैं कि लड़की किस को देंगे?

इस का जवाब मुझे या किसी को देने की ज़रूरत नहीं बस अपने पास रखिये और जान लीजिये कि आपको अच्छा लड़का नहीं चाहिये बल्कि मुआशरा जिसे अच्छा समझता है वो चाहिये।

आप किसी शादी शुदा को कुँवारी बेटी दे देंगे तो आप की नाक कट जायेगी लेकिन अगर एक फासिक़ को 2 लाख की रिश्वत दे कर देंगे तो सर बुलंद रहेगा।

आप अपना सर बुलंद रखिये, अपनी बेटी की आखिरत के बदले में ये सौदा शायद आपको बहुत महँगा पड़ गया पर हाये रे गफलत।

अब ये आप किस मुँह से कहेंगे कि मुझ पर लड़के वालों ने ज़ुल्म किया है? आप ने तो उस के कुँवारे पन (Virginity) को खरीदा है तो आप कैसे मज़्लूम हुये?

खैर जाने दीजिये हम बहुत ज़्यादा कह गये।

हमारी बातों में आकर कुछ ऐसा ना कीजिये कि लोगों के दरमियान आप की साख तबाह हो जाये बल्कि वही कीजिये जिस से लोग राज़ी हैं क्योंकि वो आप का घर चला देते हैं और आपके लिये आखिरत में सिफारिश करेंगे?

मुझे दाढ़ी वाला लड़का नहीं चाहिए

लड़कियाँ अब खुले आम कह रही हैं कि उन्हें दाढ़ी वाला लड़का नहीं चाहिए लड़कियों का ये ज़हन ग़लत तरीक़े से दी गई तालीम और तर्बीयत के नतीजे में बना है। लड़कियों को बहुत ज़्यादा आज़ादी दी जा रही है। घर का काम सिखाने के बजाए स्कूल कॉलेज के चक्कर लगवाए जा रहे हैं। कहते हैं कि शौहर निकम्मा निकला या उसे कुछ हो गया तो हमारी लड़की ख़ुद कमा खा सकेगी। ये कितनी अजीब सोच बना रखी है लोगों ने और इस की वजह से अस्ल बातों को ही फ़रामोश कर बैठे हैं। लड़की को लाड़ प्यार से पालते हैं और जिद्दो जहद का ज़हन नहीं देते। फिर जब शादी के बाद थोड़े से मसाइल पेश आते हैं तो लड़की उन्हें हल नहीं कर पाती और मज़ीद मसाइल खड़े कर देती है।

लड़कीयां घर के कामों को बोझ समझने लगी हैं और इतनी सहूलियात मौजूद होने के बावजूद भी रोज़ घर के कामों को लेकर मसाइल होते हैं। एक मर्द ख़ानगी फ़िक्र में और अपने पेशे के दरमियान घुट रहा होता है लेकिन इस की ज़रा भी परवाह नहीं की जाती। लड़कीयों को इज़्ज़त भरी ज़िंदगी अब क़ैद लगने लगी है, उन्हें आज़ादी देने का नतीजा आज पूरी क़ौम भुगत रही है।

लड़कीयों ने मीडीया पर जा कर इस्लाम के ख़िलाफ़ बयानात दिए, कोर्ट कचहरी की दहलीज़ पर भी क़दम रखा और अपनों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की अपीलें कीं, ग़ैर मुस्लिमों के साथ इश्क़ लड़ाने के वाक़ियात रोज़ सुनने को मिलते हैं और ऐसी कई बातें हैं जिसने क़ौम को बड़े बड़े मसाइल में डाल दिया है। ये सब हुआ है आज़ादी देने की वजह से, अब किस से शिकवा करें किस से शिकायत करें? ख़ुद को दीनदार कहने और बड़े बड़े दावे करने वाले अपनी बेटीयों को कॉलेज भेज रहे हैं और दीनदार कहलाने वाली लड़कियाँ भी अपनी हदें भूल चुकी हैं। उन्हें भी अब

बराबरी के हुक़ूक़ चाहिए और मर्द से मुक़ाबले का भूत उनके भी सरों पर सवार है क्यों कि उनको रस्मी तौर पर दीनदारी की सनद दी जा रही है, बाक़ी हक़ीक़त कुछ और है।

एक शख़्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आने वाले दिनों में इस बात पर अमल मुश्किल हो जाएगा कि "मर्द हाकिम होता है और औरत उस की ताबे लेकिन अभी जो हालात हैं वो भी कह रहे हैं कि ये बात अब किताबों तक ही रह गई है।

अल्लाह त'आला इस क़ौम की औरतों पर रहम फ़रमाए और उन्हें हिदायत दे।

निकाह आसान कैसे होगा

आए दिन मस्जिदों में, सड़कों पर और गली कूचों में ऐसे लोग देखने को मिलते हैं जो अपनी बेटी या अपनी बहन की शादी के लिये पैसे माँग रहे होते हैं। ये क्या ड्रामा है? मतलब हद हो गयी है। लड़के वाले तो बेशर्म हैं ही कि जहेज़ के लिये मजबूर करते हैं लेकिन लड़की वालों को भी शर्म नहीं आती।

अब ये मत पूछियेगा कि लड़की वाले बेशर्म कैसे हुये?

अगर कोई अच्छा पढ़ा लिखा, समझदार और दीनदार लड़का मिलता है जो जहेज़ नहीं माँगता तो इन लड़की वालों को और लड़की को पसंद ही नहीं आता ऊपर से अजीब अजीब बातें निकालते हैं कि लगता है लड़के में कुछ कमी है?

अगर कोई शादी शुदा लड़का दूसरी शादी के लिये इन गरीब लड़की वालों से "सिर्फ लड़की" माँगता है तो लडकी के माँ-बाप को ऐसा लगता हैं जैसे लड़की क़त्ल करने के लिये माँगी हो!

भीक माँग कर ऐसे लड़के से शादी करेंगे जो दाढ़ी मुंडाता हो, फिल्में देखता हो, पेंट-शर्ट पहनता हो और एक लाख, साथ में गाड़ी का मुतालिबा भी करे लेकिन ऐसे लड़के को नहीं देंगे जो दाढ़ी रखता हो और दीनदार हो क्योंकि उस का क़सूर ये है कि उस ने एक शादी कर रखी है। दूसरी शादी को एक जुर्म समझा जाता है

और फिर धूम धाम की तो बात ही मत पूछिये, चाहे घर में खाने को ना हो लेकिन धूम धाम से शादी ज़रूर करेंगे ताकि नाक ना कट जाये।

क़र्ज़ ले कर और भीक माँग कर सैकड़ों लोगों को खाना खिलाना कहाँ लिखा है? क्या बिना दावत के शादी नहीं हो सकती? क्या बगैर बाजे, बगैर लाईट, बगैर टेंट और बगैर महँगे कपड़ों के निकाह नही हो सकता? फिर क्यों ये ड्रामा बना रखा है?

शादी को आसान कीजिये, ताकि ये भीक माँगने का ड्रामा बन्द हो। लड़की वालों को आगे बढ़ना होगा और अगर कोई ऐसा लड़का मिले जो दीनदार हो अगर्चे शादी शुदा हो तो उसे अपनी लड़की देने में सोचें मत क्योंकि ये कोई जुर्म नहीं है या कोई गलत बात नहीं है। अगर चार शादियाँ आम हो जायें तो शादियाँ खुद-ब-खुद आसान हो जायेंगी।

लड़कों को भी चाहिये कि अपनी सोच को बदलें और लड़की वालों से पैसे, गाढ़ी वगैरा का मुतालिबा न करे। किसी बाप को अपनी बेटी के लिये भीक नहीं मांगनी पड़ेगी, किसी भाई को चंदा इकट्ठा नहीं करना पड़ेगा बल्कि एक मर्द चार औरतों का शौहर होगा और वो किसी चार गरीब बाप की बेटी या चार गरीब भाइयों की बहन होंगी।

चलिए देख कर आते है दूल्हन को

शादी कर के जब कोई नई दुल्हन घर लाता है तो एक भीड़ उसे देखने के लिए पहुच जाती है के चलो देखते है कि दुल्हन कैसी है

अरे जनाब! जिसकी दुल्हन वो देखे, आप को क्या पड़ी है?

देखने वालों के साथ साथ दिखाने वालों को भी खूब शौक़ है ताकि उनकी तारीफ हो

दुल्हन एक कमरे में है वहां मुहल्ले के लोग, दूल्हे के दोस्त फिर अगर दूल्हे के भाई है तो उस के दोस्त सब भाभी भाभी करते हुए तोहफा और लिफाफा लिए अपना चहेरा शरीफ उठाए चले आते है और फिर बाते होती है हत्ता के हंसी मज़ाक भी आम बात हो गयी है।

कुछ ज़्यादा पढ़े लिखे लोग ये करते है के दुल्हन और दूल्हे को खुले आम सब के सामने एक बड़े हॉल में दो बड़ी कुर्सियां मंगवा कर बिठा देते है ताकि देखने वाले जी भर के दीदार करें, सेल्फी ले और वीडियोस बनाए

ऐसे लोगों के अंदर या तो गैरत सो गई है या ये सब रोकने की हिम्मत नही रखते।

ज़रूरी है कि हम इस नाजायज़ तरीके पर रोक लगाएं और लोगों को चाहे बुरा लगे या भला अपनी दुल्हन को अपनी दुल्हन की तरह ही रखे न के बाजार में बिकने वाली किसी चीज़ की तरह के जो आता है देख कर चला जाता है।

मायके से पढ़ाई, नतीजे में तलाक़

सोशल मीडिया पर ये जुमला काफी देखने को मिलता है कि जो लड़कियाँ शादी के बाद मायके से पढ़ाई करती हैं उनको नतीजे (रिज़ल्ट) में तलाक़ की डिग्री मिलती है,
ये बात सही है कि अगर एक लड़की शादी के बाद अपने ससुराल में अपने शौहर और अपने ससुराल वाले जो कि उसके घर वाले हैं, उनके मुताबिक़ खुद को ढाल कर चलने के बजाए अपने मायके वालों से पढ़ेगी यानी वो जो कहेंगे उसे अपने लिए हर्फे आखिर समझेगी और ससुराल वालों से मुखालिफ़त करेगी और उन्हें दुश्मन जानेगी तो फिर मसाइल ही मसाइल होंगे।

यहाँ होता ये है कि लड़की के मायके वाले उन हालात और उन तमाम बातों को नहीं जानते जो ससुराल में होती हैं या मियाँ बीवी के दरमियान की होती हैं अगरचे उन्हें काफी तफसील से बता भी दिया जाए फिर भी वो तस्वीर का एक रुख भी सही से देख नहीं पाते और ऐसे मशवरे देते हैं जो मजीद मसाइल को बढ़ा देते हैं, हमारे आँखों के सामने इस तरह के मसाइल और कई मुआमलात हैं जिन्हें हमने

क़रीब से देखा है जहाँ मियाँ बीवी को मिल कर अपना घर संभालना चाहिए था वहा किसी तीसरे का दखल मुआमला बिगाड़ देता है
मियाँ बीवी के दरमियान ना इत्तिफाक़ी बढ़ाने और इन में जुदाई डालने वालों पर हदीस में लानत आई है और यहाँ यही हो रहा होता है लिहाज़ा मायके वालों को खूब ग़ौर करना चाहिए कि वो कहीं इस लानत के मुस्तहिक़ तो नहीं हो रहे?

औरतों को चाहिए कि इताअ़त करें और मुखालिफ़त करने को अपना मशग़ला ना बनाएँ, शिकवे शिकायतों को हमेशा ज़ुबान पर रखने से परहेज़ करें,
सब्र और तहम्मुल के साथ अपने शौहर के लिए सुकून का बाइस बनें वरना आपकी नाशुक्री आपके पास मौजूद नेमतों के ज़वाल का सबब बन सकती है।

पतली दुबली लड़कियाँ

आज कल के लड़कों को पतली दुबली लड़की ज़्यादा पसंद है। लड़कियाँ भी खुद को पतला करने के चक्कर में और स्लिम फिट (Slim Fit) दिखने के लिये खाने वग़ैरह में परहेज़ करती हैं। कुछ अमीर घरों की लड़कियाँ इस के लिये जिम (Gym) का सहारा लेती हैं।

आप अगर हिन्दी जानते हैं तो आप ने एक लफ्ज़ सुना होगा "बुद्धि भ्रष्ट" यानी जिस की मत मारी गई हो। हमारे नौजवानों के साथ यही हुआ है कि फिल्मों, ड्रामों ने उन का दिमाग खराब कर दिया है। पतली दुबली लड़कियाँ पसंद करना और उन से शादी करना मुझे नहीं लगता कि अच्छा है और मुझे ऐसा इसलिये लगता है कि इस में फाइदा तो नहीं लेकिन नुक़सान ज़रूर है।

अल्लाह के रसूल, हमारे आक़ा ﷺ ने इरशाद फ़रमाया कि ऐसी औरतों से शादी करो जो ज़्यादा बच्चे पैदा कर सके (यानी सिहृत मन्द हो) और क़ियामत के दिन मै तुम्हारी तादाद की कसरत देख कर दीगर उम्मतों पर फख्र करूँगा। (ये हदीस का मफ़हूम है)

(دیکھیں مشکوٰۃ: 3019، ابو داؤد: 2050، نسائی: 3229)

अब हमें चाहिये पतली कमर (माज़रत लेकिन यही हक़ीक़त है) फिर होता क्या है?

(1) बच्चे कम पैदा होते हैं और हम भी शायद "हम दो हमारे दो" चाहते हैं।

(2) लड़की कमज़ोर होने की वजह से शौहर की ख्वाहिशात और घर वालों की ज़रूरिय्यात को पूरा करने में परेशान हो जाती है फिर दूसरे निकाह का सिस्टम भी तो नहीं है।

(3) पहले बच्चे की पैदाइश में ही सी सेक्शन (Cesarean) का मुआमला पेश आ जाता है जिसे आप बड़ा ऑप्रेशन कहते हैं। इस में माँ पर तो असर पड़ता ही है साथ में बच्चे की सिह्हत और दिमाग पर भी असर पड़ता है। आज हर चार औरतों में एक की डिलेवरी में सी सेक्शन का इस्तिमाल होता है तो इस की एक वजह ये "पतली कमर" और "स्लिम फिट" का भूत भी है।

उस ऑप्रेशन के बाद तक़रीबन छह हफ्ते तक औरत का जिस्म अपनी पहली हालत में आने के लिये कोशिश करता है मगर फिर शौहर की ख्वाहिशात, घर के काम और अब तो माशा अल्लाह एक बच्चा भी आ चुका होता है जो अम्मी अम्मी करने के चक्कर में मार भी खा जाता है, खैर उस बच्चे के लिए मै हमदर्दी का इज़हार करता हु।

(4) लड़की के चेहरे की खूबसूरती पर इस दबाव का असर पड़ता है और बजाये शादी के बाद फूल की तरह खिलने के वो पैरों तले दब जाने वाली कली की तरह हो जाती है।

(5) सी सेक्शन के बाद संभलने से पहले उस की सिह्हत उसे ऐसी कमज़ोरी की तरफ ले जाती है जहाँ कई तरह की बीमारियाँ इसे जकड़ लेती हैं, जो मौत के साथ ही जाती हैं।

औरत सिह्हतमन्द होनी चाहिये। लगना चाहिये कि खाते पीते घराने से है। यहाँ तो लगता है कि पोलियो वाला मुआमला है। अच्छे घर की लड़कियाँ भी ऐसी लगती हैं जैसे भुकमरी का शिकार हैं। एक वो औरतें होती थी जो मैदाने जिहाद में मर्दों

को उल्टे क़दम भागने पर मजबूर कर देती थी। औरतों का एक हाथ पड़ जाने पर ऐसा होना चाहिये कि कुछ सुनाई ना दे पर यहाँ हाल ये है कि औरत को मार दो तो मारने से पहले हॉस्पिटल में बिस्तर लगवा कर रखना होगा। अल्लाह रहम करे।

आप भी शादी करें तो सिह्हतमन्द औरतों से करें। अगर पतली दुबली से कर ली है तो उसे सिह्हत मन्द बनाये। ये "स्लिम फिट" का नाटक बन्द करें।

औरत टेढ़ी पसली

मर्दों को ये बात हर वक़्त याद रखनी चाहिए कि औरत टेढ़ी पसली से बनाई गई है जैसा कि मुस्लिम शरीफ की हदीस में इरशाद हुआ है

औरतों से कभी ये तवक़्क़ो नही रखनी चाहिए कि वो मुकम्मल दुरुस्त हो जाएगी और अगर कोई उसे हर तरह से सीधा करने की कोशिश करेगा तो उसे खो बैठेगा यानी तलाक़!

इसका ये मतलब नहीं कि आप औरत की इस्लाह न करें

इस्लाह की पूरी कोशिश करें लेकिन नरमी और मुहब्बत के साथ

औरतें बहुत ज़्यादा जज़्बाती (Sensitive) होती है, अगर कोई मिठी मिठी बातों से चाहे तो उन्हें फौरन राज़ी कर लें लेकिन अगर आप टेढ़े पन पर आएंगे तो याद रखिये की वो पहले से...

सख्ती भी करनी चाहिए लेकिन शरई मुआमलात में जैसे नमाज़ न पढ़े, पर्दा ना करे या कोई गैर शरई काम करे पर इस में भी पहले नरमी की कोशिश करें और न माने तो थोड़ी सख्ती दिखाए फिर भी ना माने तो थोड़ा बहुत मार सकते हैं पर आज कल इन बातों की वजह से किसी ने सख्ती की हो ऐसा जल्दी सुनने में नहीं आता बल्कि अकसर लड़ाई झगड़े ऐसी बातों की वजह से होते है जिन्हें एक मर्द चाहे तो घर में किसी को पता चले बगैर हल कर ले।

औरतें जैसी है उनसे उसी तरह फायदा उठाएं

उनकी ग़लत आदतों को नज़र अंदाज़ करें और अच्छाईयों को देखें इसी में फायदा है

जोरू का गुलाम बनने में फाइदा है

जोरु यानी बीवी का गुलाम किसे कहते हैं?

अगर बीवी की इज़्ज़त करना, उस के साथ घर का काम करना, उस से अच्छी तरह पेश आना, उस की डाँट या कड़वी बातों को खामोशी से सुन लेने का नाम गुलामी है तो यक़ीन करें बीवी का गुलाम बनने में ही फाइदा है।

मेरी बातों से हो सकता है कि आप की मर्दानगी को तकलीफ़ पहुँचे लेकिन हक़ीक़त यही है।

बीवी की इज़्ज़त करेंगे तो वो आप को भी इज़्ज़त देगी, अगर साथ में घर का काम करते हैं तो उस में कोई बुराई नहीं क्योंकि नबी -ए- करीम ﷺ भी घर के कामों में मदद फ़रमाते थे, अब रहा बीवी की चार बातें सुनना तो इस में भी हर्ज क्या है?

हज़रते शैख अबुल हसन खिरक़ानी रहमतुल्लाह अ़लैह की बीवी उन के लिये सख्त अल्फाज़ इस्तिमाल किया करती थी पर आप सब्र करते थे। एक शख्स आप के घर गया और आप की बीवी से पूछा कि शैख साहिब कहाँ हैं तो बीवी ने कहा कि तुम उसे शैख कहते हो, वो जाहिल और झूटा है! शैख का तो नहीं पता लेकिन मेरा शौहर जंगल की तरफ़ गया है। वो शख्स जब जंगल की तरफ़ गया तो देखा कि आप रहमतुल्लाह अ़लैह शेर पर लकड़ियाँ लादे तशरीफ़ ला रहे हैं।

उस शख्स ने बीवी के सख्त रवय्ये के बारे में पूछा तो आप ने फ़रमाया कि अगर मै बीवी का बोझ बरदाश्त ना करता तो ये शेर मेरा बोझ कैसे उठाता (यानी मै अल्लाह की रज़ा के लिये बीवी की ज़ुबान दराज़ी पर सब्र करता हूँ तो अल्लाह त'आला ने इस शेर को मेरा इताअ़त गुज़ार बना दिया है।)

(تذکرۃ الاولیاء، جز2، ص174)

एक शख्स हज़रते उमर रदिअल्लाहु त'आला अ़न्हु के पास अपनी बीवी की शिकायत करने के लिये आया लेकिन जब दरवाज़े पर पहुँचा तो हज़रते उमर फारूक़ की बीवी हज़रते उम्मे कुलसुम की बुलंद आवाज़ सुनाई दी, वो हज़रते उमर फारूक़ पर (गुस्से की हालत में) बरस रही थीं। उस शख्स ने सोचा कि मै क्या शिकायत करूँ यहाँ तो हज़रते उमर फारूक़ भी इसी मसअले से दो चार हैं और वो वापस हो लिया।

हज़रते उमर फारूक़ ने उस शख्स को बाद में बुलाया और पूछा तो उस ने बताया कि बीवी की शिकायत ले कर आया था मगर आप की मुहतरमा.......

हज़रते उमर फारूक़ ने फ़रमाया: मुझ पर मेरी बीवी के कुछ हुक़ूक़ हैं जिन की वजह से मै दरगुज़र करता हूँ। वो मझे जहन्नम की आग से बचाने का ज़रिया है, उस की वजह से मेरा दिल हराम की ख्वाहिश से बचा रहता है, जब मै घर से बाहर होता हूँ तो वो मेरे माल की हिफाज़त करती है।

मेरे कपड़े धोती है, मेरे बच्चों की परवरिश करती है, मेरे लिये खाना पकाती है।

ये सुन कर उस शख्स को अहसास हुआ कि ये फाइदे तो मुझे भी अपनी बीवी से हासिल होते हैं लेकिन अफ़सोस कि मैने इन बातों को मद्दे नज़र रखते हुये उस की कोताहियों और कमियों को नज़र अन्दाज़ नहीं किया। फिर उस शख्स ने भी उस दिन से दरगुज़र से काम लेने की निय्यत कर ली।

(تنبیہ الغافلین، ص280، بہ حوالہ اسلامی شادی)

बीवी अगर चार बातें गुस्से में कह दे तो थोड़ा बरदाश्त कर लें, आप का क्या जायेगा? फिर जब उसे अहसास होगा तो हो सकता है आप से मुआफ़ी माँग ले। आप दरगुज़र से काम लें और अगर ये गुलामी कहलाती है तो यही सहीह, बीवी का गुलाम बन के रहने में फाइदा है।

उस की गलती, उस की कोताही को देख कर फौरन गुस्सा हो जाना और अपनी मर्दानगी दिखाने के चक्कर में अपनी जिहालत दिखाना सहीह नहीं है। ये देखें कि उस ने आप के लिये कितनी क़ुरबानियाँ दी हैं। वो आप से कितना प्यार करती है। क्या ऐसा मुमकिन है कि बे-ऐब बीवी मिल जाये? अगर नहीं तो फिर दरगुज़र से काम लेने में ही फाइदा है यानी जोरू का गुलाम बनने में ही फाइदा है।

क्या शादी के बाद औरत के दीन सीखने का वक़्त खत्म?

अगर आप ऐसा सोचते हैं की एक औरत शादी कर के मजबूर हो जाती है और फिर इल्म हासिल करने और दीन सीखने का सिलसिला रोक देना चाहिये तो ये हरगिज़ सहीह नहीं।

अगर शादी से पहले लड़की के घर वालो ने दीनी माहौल से दूर होने की वजह से उसे इल्मे दीन नहीं पढ़ाया तो अब शादी के बाद भी अगर लड़की को एहसास होता है तो महज़ ये सोच कर रुक जाना की अब मेरी शादी हो गयी और बस खाना पकाना, कपड़े धोना और बच्चो की देखभाल ही मेरी आखिरी ज़िम्मेदारी है तो ये दुरुस्त नहीं।

उसे चाहिये की शादी को मजबूरी नहीं बल्कि अपने हक़ में बहतर जाने उसका शौहर उसकी कमज़ोरी नहीं बल्कि उसका हमसफर और उसकी ताक़त है और असल सफ़र तो निकाह के बाद ही शुरू होता है की एक दुसरे को संभालने के लिये हर वक़्त कोई मौजूद होता है।

औरत को चाहिये की शौहर से इल्मे दीन हासिल करे, उसे जहां दुसरे कामो के लिये राज़ी कर लेती हैं तो इस पर भी राज़ी करें ताकी आखिरत की कामयाबी साथ मिल कर पा सकें।

अगर शौहर पढ़ा लिखा दीनदार हो तो उसे चाहिये की जिस औरत से निकाह किया है उसे राहे खुदा का मुसाफिर बनाये और इतना इल्म ज़रूर दे की वो इस राह से भटक ना सके।

औरत अगर मर्द को दीनदार ना पाये तो उसे दीनदारी की तरफ बुलाये और मर्द कौनसी राह पर जाता है, इस में औरत का अहम किरदार होता है लिहाज़ा औरत को अपना किरदार अच्छे से निभाना चाहिये।

शादी के बाद भी ये जान लें की अल्लाह त'आला और उसके रसूल के अहकाम आप पर जारी होते हैं और एक दिन आपको हिसाब के लिये हाज़िर होना है फिर कैसे कहा जा सकता है की अब इल्म हासिल करने या दीन सीखने की उम्र ना रही?

अल्लाह त'आला औरतों को तौफीक़ से नवाज़े की वो इल्मे दीन की तरफ़ रागिब हो जायें और साथ में अपने शौहर और बच्चो को भी इस जानिब लायें ताकी असल कामयाबी हासिल कर सकें।

कितना इल्म हासिल करना ज़रूरी है

सबसे पहले ज़रूरी है कि हर मुसलमान मर्द व औरत अक़ाइद का इल्म हासिल करे। अक़ाइद के बाब में एक या दो बातें नहीं हैं बल्कि कई बातें आ जाती हैं।

कुछ बातें बुनियादी और मशहूर हैं और कुछ बातें ऐसी हैं कि इल्मी और तफ़सीली हैं।

अब हर शख़्स पर ये ज़रूरी नहीं कि वो गहराई में जाकर बारीक बातों का इल्म हासिल करे बल्कि बुनियादी अक़ाइद को समझ लेना ज़रूरी है।

अब जब अक़ाइद का इल्म आ जाये तो बुनियाद तैय्यार हो गयी फिर बारी आती है अमल की यानी जो बुनियाद तैय्यार हुई थी, अब उस पर दीवारें खड़ी करनी हैं।

अब आमाल बजा लाने के मुतल्लिक़ ज़रूरी मसाइल का इल्म हासिल करना बंदे पर लाज़िम है वरना वो किसी अमल को अदा कैसे करेगा?

नमाज़ फर्ज़ हुयी तो नमाज़ के मुतल्लिक़ मसाइल का इल्म हासिल करना ज़रूरी होगा, रोज़ा रखना है तो रोज़े का, अगर माल है और ज़कात फर्ज़ हो गयी तो ज़कात का, निकाह की बारी आयी तो इससे मुतल्लिक़ मसाइल का और जिन-जिन इबादत को अदा करना हुआ तो उसके मुतल्लिक़ इल्म हासिल करना होगा।

एक बात ये जान लेनी चाहिये कि पहले जिन बातों का इल्म हासिल करना ज़रूरी है, उन पर तवज्जो दी जाये और ऐसे मसाइल से फिलहाल परहेज़ किया जाये जिनकी ज़रूरत तो है लेकिन फिल्हाल नहीं।

अब किसी पर ज़कात फर्ज़ नहीं, नमाज़ फर्ज़ है और वो नमाज़ के मसाइल का इल्म नहीं रखता और ज़कात के मसाइल सीख रहा है तो ये मुनासिब नहीं कि पहले ज़रूरत है नमाज़ सीखने की ना कि ज़कात के मसाइल लेकर बैठ जाये।

क्या एक बुढ़िया हमारे नबी पर कूड़ा डालती थी ?

हुज़ूर -ए- अकरम, सय्यिद -ए- आलम के अखलाको किरदार का तजकीरा करते हुए एक वाकया बयान किया जाता है के एक बूढी औरत थी जो रोजाना हमारे नबी पर कूड़ा फेंका करती थी मगर हमारे नबी उसे कुछ नहीं कहते थे

वह बुढ़िया जब बीमार पड़ी तो हुज़ूर उसकी इयादत के लिए तशरीफ ले गए और उसे दुआएं भी दी जब उस बुढ़िया ने यह करीमाना अंदाज देखा तो इमान ले आई यह वाकया इतना मशहूर है के बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को जुबानी याद है

अगर किसी मुकर्रीर को तकरीर के लिए "अखलाक -ए- मुस्तफा" मौजू दिया जाए तो इस रिवायत को बयान किये बिना उसकी तकरीर ही मुकम्मल नहीं होगी और हो गई तो यह अनोखी बात है।

कुछ लोगों की ज़ुबानो पर एक जुमला गर्दिश करते रहता है के "इस्लाम तलवार से नहीं फैला" और इस जुमले के साथ यह वाक्य ऐसा जुड़ा हुआ है गाया एक के बगैर दूसरा अधूरा है।

निज एक तबका जो कहता है कि किसी को बुरा भला नहीं कहना चाहिए, वह भी इस वाकिये को हिफ़्ज जरूर करता है और इसे दलील बनाकर कहता है कि देखो नबी ने तो अपने ऊपर कूड़ा फेंकने वाली बुढ़िया को भी बुरा भला नहीं कहा लिहाजा हमें भी किसी को बुरा भला नहीं कहना चाहिए।

मैं आपको बताना चाहता हु कि यह रिवायत हदीस की किसी किताब में मौजूद नहीं अगर है तो दिखाई जाए।

मुजाहिद -ए- अहले सुन्नत, हजरत अल्लामा खादिम हुसैन रिजवी साहब क़िब्ला फर्माते है के यह रिवायत मौजू है और अंग्रेजों ने घढि है।

मुहब्बत की हक़ीक़त और दिल की हालत

हज़रत शिबली अलैहिर्रहमा फ़रमाते हैं :

एक दफा मैंने एक मज़्जुब (यानी मजनू, दीवाना) देखा उसे बच्चे पत्थर मार रहे थे, उसका चहेरा और सर लहू लुहान और शदीद ज़ख्मी था!

हज़रत सैय्यदना शिबली अलैहिर्रहमा उन बच्चो को डांटने लगे तो उन्होंने कहा :

"हमें छोड़ दो! हम इसे क़त्ल करेगे क्योंकि ये काफ़िर है! और कहता है कि उसने अपने रब अज़्ज़वजल को देखा है और वो इस से कलाम भी करता है।"

तो आप अलैहिर्रहमा ने बच्चों से फरमाया :

उसे छोड़ दो, फिर आप रहमतुल्लाह त'आला अलैह उस के पास तशरीफ़ ले गए तो वो मुस्कुरा कर बातें कर रहा था और कहेने लगा :

"ए खूबसूरत नौजवान! आप का एहसान है, ये बच्चे तो मुझे बुरा भला कह रहे थे।"

उस के बाद उस ने पूछा : "वो मेरे मुताल्लिक़ क्या कहे रहे थे?" आप रहमतुल्लाह त'आला अलैह फ़रमाते हैं कि मैंने उस को बताया : "वो कहते है कि तुम अपने रब अज़्ज़वजल को देखने का दावा करते हो और ये की वो तुमसे कलाम भी करता है।"

ये सुन कर उस ने ज़ोरदार चीख मारी, फिर कहेने लगा :

"ए शिबली! हक़ त'आला की मुहब्बत व क़ुरबत से मुझे सुकून मिलता है, अगर लम्हा भर भी वो मुझ से जाए तो मैं दर्दे फ़िराग से पारा पारा हो जाऊं।"

हज़रत सैय्यदना सिबली अलैहिर्रहमा फ़रमाते हैं मैं समझ गया कि ये मज़्ज़ूब इखलास वाले खास बंदों में से है,

मैंने उस से पूछा : "ए मेरे दोस्त!

मुहब्बत की हक़ीक़त क्या है?"

तो उस ने जवाब दिया :

"ए शिबली! अगर मुहब्बत का एक क़तरा समन्दर में डाल दिया जाए (तो वो खुश्क हो कर) या पहाड़ पर रख दिया जाए तो वो गुबार के बिखरे हुए बारीक ज़र्रे हो जाएं! लिहाज़ा इस दिल पर कैसा तूफान गुज़रेगा जिस को मुहब्बत ने इज़्तेराब और गिरया व ज़ारी का लिबास पहना दिया हो, और सख़्त प्यास ने उस के अंदर जलन और हसरते दीदार को बढ़ा दिया हो।"

(الروض الفائق، ص35)

अल्लाह अल्लाह!

वाक़ई मुहब्बत कोई आम शै नहीं, ये आशिक़ को जला देती है।

अगर मुहब्बत का एक क़तरा समन्दर को खुश्क कर सकता है और पहाड़ों को बिखरने पर मजबूर कर सकता है तो फिर दिल के साथ जो मुआमला होता है वो अल्फ़ाज़ से किस तरह बयान किया जा सकता है।

ये इश्क़ ही है

मौलाना रूमी फ़रमाते हैं की एक मज़दूर दिन भर अपनी कमर पर बोझ उठा कर काम करता है और एक लोहार अपनी भट्टी में सर मूँह काला करने के बाद निहायत खुशी से घर वापस आता है ताकी अपनी घर की महबूबा (अपनी बीवी) को खुश करे और सामान -ए- हयात मुहय्या कर सके।

ये कारोबार -ए- हयात जो सुबह से शाम तक चलता है, इस में यही इश्क़ का जज़्बा कार फरमा नज़र आता है वरना कौन है जो किसी की खातिर अपने आप को परेशानी और मुसीबत में डाले,

ये सब इश्क़ की बदौलत है।

इश्क़ एक रूहानी चीज़ है और ये ऐसी जिन्स नहीं की जिसको बाज़ार से खरीद लिया जाये।

मौलाना फ़रमाते हैं की मालो दौलत और दुन्या की चीज़ें सब मुर्दा हैं, मगर इन सब के हुसूल की कोशिश ज़िंदा लोगों के लिये होती है।

जिस घराने में मुहब्बत का जादू चलता है उसके रहने वाले जन्नते फिरदौश की सी जिंदगी गुज़ारते हैं और कम आमदनी में खुशो खुर्रम रहते हैं।

ये इश्क़ की बरकत है की मालो दौलत से जो चीज़ खरीदी नहीं जा सकती, उसे पाते हैं।

अगर इश्क़ हो जो शहवत परस्ती से जुदा हो तो फिर इश्क़ कम नहीं होता बल्कि बढ़ता जाता है और ये एक ऐसा रिश्ता है जो मालो दौलत से बाला तर है।

इसे अगर हम मालो दौलत के तराज़ु में लाते हैं तो असल लज़्ज़त बाक़ी नहीं रहेगी।

प्यार किया फिर सब्र किया और फिर हज़रते अली ने शादी करवा दी।

हज़रते अली रदिअल्लाहु त'आला अन्हु की एक बांदी थी और एक मुअज़्ज़िन भी था जो रुहबा में रहता था और सुबह अंधेरे में अज़ान देता था और ये बांदी नहर से पानी लेने जाया करती और जब इस मुअज़्ज़िन के पास से गुज़र होता तो ये कहता कि ए फुलां! अल्लाह की कसम मैं तुम से मुहब्बत करता हूँ!

जब ये इसने कई दफा किया तो बांदी ने हज़रते अली रदिअल्लाहु त'आला अन्हु को ये बात बता दी। हज़रते अली रदिअल्लाहु त'आला अन्हु ने कहा कि अब की बार जब वो तुम्हें ऐसा कहे तो तुम भी कहना कि हाँ मैं भी तुमसे मुहब्बत करती हूँ, अब क्या चाहते हो? उस बांदी ने ऐसा ही कहा तो उस मुअज़्ज़िन ने कहा कि अब हम सब्र करेंगे हत्ता कि अल्लाह त'आला कोई फैसला ना फ़रमा दे और बेशक वही बेहतर फैसला फरमाने वाला है ये बात बांदी ने हज़रते अली को बतायी तो आपने उस मुअज़्ज़िन को बुलवाया और उसे खुश आमदीद कर के अपने पास बैठाया और पूछा कि क्या तुम्हें फुलानी से मुहब्बत है?

उस ने अर्ज़ किया : हाँ अमीरुल मुमिनीन!

आपने पूछा कि क्या किसी और को भी इल्म है?

अर्ज़ किया : अल्लाह की क़सम और किसी को इस का इल्म नहीं।

फिर आप ने बांदी उसे दे कर फरमाया कि इसे ले जाओ और ये अल्लाह ही के हुक्म से है और अल्लाह बेहतर हुक्म करता है।

(ذم الھوی لابن جوزی)

प्यार के मारों पर हमारे अकाबिरीन तरस खाते आये हैं, उन पे रहम करने का दर्स हमें सहाबा रदिअल्लाहु त'आला अन्हु के अमल से मिलता है और जब कोई शरई वजह ना हो तो वहाँ प्यार करने वालों को मिला देना ही अच्छा है।

आज कल पहले जो ज़रूरी है कि खुद इस से बचें और अपनी औलाद को बचायें लेकिन जैसा कि ज़ाहिर है, ये ऐसा आम हो गया है कि बच्चे से बड़े, हर एक की कोई ना कोई कहानी है तो इस में ज़रूरी है कि उनकी मदद की जाये और वो इस तरह के उन्हें रिश्ते में बांध दिया जाये वरना फ़ितने सर उठायेंगे। इश्के मजाज़ी की तबाह कारियों पे बात करें, ज़रूरी है पर एक तरफा ही बात करना और जो इस में पड़ चुके हैं उन्हें कोई राह ना दिखाना ये सहीह नहीं होगा वरना वो खुद अपनी राहें बना लेंगे जो शायद मज़ीद तबाहकारियों के सबब बन जाये।

हज़रते फुज़ैल को एक लड़की से प्यार हुआ

हज़रते फुज़ैल बिन इयाज़ रहिमहुल्लाहु त'आला डाकू थे

आपकी तौबा का सबब ये हुआ कि आप को एक लड़की से प्यार हो गया आप उस के पीछे जा रहे थे, उसके लिए आप एक दीवार पर चढ़े तो एक तिलावत करने वाले को इस आयत की तिलावत करते हुए सुना :

اَلَمْ يَاْنِ لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَنْ تَخْشَعَ قُلُوْبُهُمْ لِذِكْرِ الله (الحدید:16)

"क्या ईमान वालों को अभी वो वक़्त ना आया के उनके दिल झुक जाएं अल्लाह की याद के लिए"

हज़रते फुज़ैल बिन इयाज़ रहिमहुल्लाहु त'आला ने जब ये आयात सुनी तो कैफियत बदल गयी, आपने अर्ज़ की ए मेरे रब वो वक़्त आ चुका है!

आप वहां से वापस हुए और रात वीराने में गुज़ारी

वहां कुछ मुसाफिर आये और फिर उन में से किसी ने कहा के चलो तो कहा गया के नहीं सुबह चलेंगे क्योंकि यहां फुज़ैल नाम का डाकू रहता है।

आप ने ये सुन कर तौबा की और उन्हें भरोसा दिलाया फिर आपने हरम में पनाह ली हत्ता के आपका विसाल हो गया।

(رسالہقشیریہ، اردو، ص69)

कहते हैं इबरत के लिए कभी कभी एक लफ्ज़ ही काफी होता है और कभी कभी पूरी किताब से कोई असर नहीं पड़ता

मज़कूरा आयत वाक़ई अहले ईमान के दिलो को झिंजोड देने वाली है इस में बंदों को रब की याद दिलाई जा रही है और भटके हुओं को एक मुहब्बत भरी सदा दी जा रही है अगर हम इस पर ग़ौर करें तो हमारे दिलों की भी कैफियत बदल सकती है।

आ़लिमा

इस लफ़्ज़ को बहुत हल्का समझ लिया गया है। कोई भी लड़की जिस में इतनी भी सलाहिय्यत नहीं कि फ़िक़्ह की बुनियादी बातें बयान कर सके, वो भी अपने नाम के साथ आ़लिमा लिख रही है, शॉर्ट कोर्सेस आ गए हैं बाज़ार में जिन्हें करने के बाद फ़ौरन सनद भी दी जाती है इस के बाद इन सनद याफ़्ता लड़कियों को लगने लगता है कि वो हक़ीक़त में आलिमा बन गई हैं लेकिन उनका इल्म ऐसा अधूरा और ख़तरनाक होता है कि जहाँ कलाम करें तो बस फ़ितना ही फैले।

एक लड़की ने अपने बारे में लिखा कि वो आलिमाओं को भी मसाइल सिखाती है लेकिन जब उस से फ़िक़्ह की बुनियादी ग्यारह इस्तिलाहात के बारे में पूछा गया तो ख़ामोशी छा गई और ख़ुद क़ुबूल किया कि उसने ये पहले नहीं सुने थे और अपने गुमान में वो इस क़दर मुस्तक़िल है कि बाक़ाइदा लोगों को मसाइल पूछने की दावत दे रही है और फ़तवे दे रही है। यही बस एक मुआमला नहीं, कसरत से ऐसा हो रहा है कि इल्म के झूटे दावे किए जा रहे हैं और बहुत थोड़े से इल्म के ज़रिए फ़ितना फैलाया जा रहा है।

कई लड़कियाँ ऐसी हैं कि जिन्होंने वाट्स एप्प पर अपना दारूल इफ़्ता खोल रखा है और वो कितनी ग़लतियाँ कर रही हैं, इस का उन्हें ख़ुद शऊर तक नहीं कि रुजू की भी तौफ़ीक़ मिल सके।

कई लोगों के साथ ऐसा हुआ कि आलिमा का लेबल देखकर निकाह तो कर लिया लेकिन जब बाद में हक़ीक़त मालूम हुई तो बड़े मसाइल हुए यहाँ तक कि बात तलाक़ तक जा पहुँची, इसलिए सिर्फ लेबल और सनद देखकर फ़ैसला ना करें बल्कि अच्छी तरह सोच समझ लें। लोगों को आलिमा से निकाह करने का जो शौक़ चढ़ा है, उसे थोड़ी देर के लिए किनारे रख कर सोचना चाहिए और तमाम बातों पर ग़ौर कर लेना चाहिए वरना नताइज बुरे हो सकते हैं।

अल्लाह त'आला हमें झूटे दावे और वादे करने से बचाए।

उ़लमा और औ़रत की तस्वीर

बहुत बहुत माज़िरत के साथ ये बातें अर्ज़ कर रहा हूँ, अगर दिल-आज़ारी हो जाये तो माफ़ कीजीएगा। कसरत से देखने को मिल रहा है कि हमारे उलमा सोशल मीडीया पर औरतों की तस्वीरें आम कर रहे हैं। कोई ऐसा न्यूज़ (ख़बर के नाम पर कर रहा है तो कोई शौक़ से ऐसा कर रहा है। ये तस्वीरें किसी भी हालत में ली हुई होती हैं मसलन बाल और जिस्म के हिस्से नज़र आ रहे होते हैं।

न्यूज़ में किसी औरत को दिखा दिया गया, आप ने देख लिया, ये एक अलग बात है लेकिन अब उसे आम कर देना एक दूसरी बात है। अगर एक आलिम ऐसा करे तो फिर बहुत बड़ी बात है। अगर आपको ख़बर ही बयान करनी है तो औरत की तस्वीर के बग़ैर भी कर सकते हैं। अगर किसी मुआमले पर अपनी राय का इज़हार

करना है तो उस के लिए भी औरत की तस्वीर ज़रूरी नहीं है। अगर रद्द या दिफ़ा करना है तो भी बिना तस्वीर के किया जा सकता है।

अब ये कि औरतों की तस्वीरें सिर्फ़ हंसी मज़ाक़ के लिए आम की जाएं तो ये इंतिहाई ग़ैर-मुनासिब काम है। उलमा को इन बातों से परहेज़ करना चाहिए। कुछ को देखा गया कि कोई भी शॉर्ट क्लिप जो आजकल लोग अपने सोशल मीडीया एकाऊंटस से स्टेटस पर लगाते हैं, उसे बिना सोचे समझे आम कर देते हैं जब कि उस में वाज़ेह तौर पर औरतें नज़र आ रही होती हैं। इन सब की हरगिज़ इजाज़त नहीं है।

हमारे उलमा अगर ऐसा करेंगे तो अवाम का क्या होगा? अवाम तो फिर इसे बुरा ही नहीं समझेगी। हम ये नहीं कहते कि हर आलिम ऐसा कर रहा है लेकिन मैं ने ये बहुत कसरत से देखा है हत्ता कि कुछ बड़े नामवर उलमा को भी। अल्लाह ताला हमारे हाल पर रहम फ़रमाए।

कनीज़े मिल्लत और इंस्टाग्राम की कहानी

एक ट्रेंड लड़कियों में ये चल रहा है कि इंस्टाग्राम पर एक ऐसे नाम से आई डी बनाती हैं जिनसे उनके पीर की निसबत ज़ाहिर होती है मस्लन कनीज़ फुलाँ, फुलाँ की शेरनी और फुलाँ की शहज़ादी वग़ैरह।
आगे बढ़ने से पहले हम एक और हक़ीक़त आपको बताना चाहेंगे कि लड़कियों के जितने मुआमलात अभी सामने आ रहे हैं उनमें सबसे ज़्यादा इंस्टाग्राम से ताल्लुक़ रखते हैं, फेसबुक, वाट्स एप और दूसरे प्लेटफ़ार्मज़ को इंस्टाग्राम ने इन मुआमलात में पीछे छोड़ रखा है।

ऐसी लड़कियों के सरों पर दीन की तब्लीग़ का ऐसा भूत सवार है कि नफ़ा और नुक़्सान का फ़र्क़ भी समझ नहीं आता, उन्हें लगता है कि ये दीन का काम कर रही हैं लेकिन नताइज बता रहे हैं कि शिकार करने गए थे और ख़ुद शिकार हो बैठे वाले हालात हैं।

लड़कियों की तालीम का सिलसिला ऐसे ही काफ़ी ग़लत चल निकला है, ऊपर से ये मोबाइल और ऐसे प्लेटफ़ार्मज़ उन्हें अपने बुनियादी मक़ासिद से दूर करते जा रहे हैं, एक लड़की को चाहिए कि पहले वो काम सीखे जो उसे आगे ज़िंदगी भर

करना है, अगर इन करने वाले कामों को आज नज़र अंदाज़ करेगी तो कल उस शख़्स के लिए मसाइल पैदा करेगी जो इस का शौहर बनेगा और उसे ख़ानगी फ़िक्र से आज़ाद ना कर सकेगी जो कि एक औरत का मक़सद होना चाहिए।

काम वो करें जो आपकी तर्जीहात में से हैं, जिन्हें आपने पहले करना है, ग़ैर ज़रूरी या बाद की चीज़ों को पहले ला कर असल और तर्जीहात को तर्क करना निज़ाम को बिगाड़ कर रखता है, ये बहुत ग़ौर करने वाली बातें हैं उनके लिए जो इल्म और फ़हम वाले हैं

जुम्आ़ और QR कोड

ज़रा सोचें कि आप किसी मस्जिद में जुमुआ़ की नमाज पढ़ने गए और इमाम साहिब ने दौराने तक़रीर यह कहा कि आप लोग यहाँ से जाते वक़्त बाहर लगा QR कोड स्कैन करके हमारा व्हाट्सएप ग्रुप जॉइन कर लें ताकि हमारी भेजी हुई दीनी मा'लूमात से आप रोज़ाना कुछ ना कुछ सीख सकें......! ये सुनकर आपको कैसा लगेगा ? क्या आपको ऐसा महसूस नहीं होगा कि अब हमारी क़ौम का दीनी तबक़ा तरक़्क़ी कर रहा है ? क्या आपको ऐसा नहीं लगेगा कि हम ज़माने के साथ बदल रहे हैं और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं? लेकिन अब तसव्वुर की दुनिया से बाहर आएं और देखें कि किस क़दर नाज़ुक हालात हैं।

यह तो सिर्फ एक बात थी, ऐसे ही कई बातें हैं मस्लन मस्जिद में बड़ी स्क्रीन लगी हो जिस पर किताबों की इबारत वग़ैरह दिखाकर तक़रीर की जाए, बयान के दौरान इमाम साहब एक मोटिवेशनल स्पीकर की तरह इधर उधर चलें बल्कि एक रास्ता बना दिया जाए उनके चलने के लिए, माइक एडवांस हो और स्पीकर्स डिजिटल हों कि जिससे बोलने और सुनने वाले को लुत्फ़ आए, जो क़ौम 3gp और हॉल रिकॉर्डिंग फिल्म नहीं देखती आप उन्हें अगर जदीद तक़ाज़ों के मुताबिक़ मवाद (कॉन्टेंट) फ़राहम नहीं करेंगे तो काम नहीं हो पाएगा, आप उन तक नहीं पहुँच पाएंगे, फिर सोचें कि मस्जिद में चंदा देने के लिए ऑनलाइन इंतिज़ाम हो या'नी स्वाइपिंग मशीन से लेकर ऑनलाइन पेमेंट्स के तमाम ऑप्शन्स हो, एक बॉक्स हो कि जिसमें लोग अपने सुवालात, सुझाव, और शिकायतें लिख कर डाल दें फिर जो सुवालात आएँ उन पर जुमुआ़ में बयान किया जाए और पूरी तफ़्सील से मसअला समझाया जाए।

काश कि हमारे उलमा अपने आप को बदलें, कुछ नया सोचें, कुछ बड़ा सोचें, रिवायती तरीक़ों से हटकर काम करें, अगर नहीं करेंगे तो पीछे होते जाएँगे, आप एक मोबाइल खरीदने जाएँगे तो कौन सा खरीदेंगे ? क्या आप ऐसा मोबाइल लेंगे कि जिसमें नई चीजें ना चलती हों, क्या उस कंपनी का मोबाइल लेंगे कि जिसने वक़्त के साथ खुद को नहीं बदला (अपडेट नहीं किया) और वही रिवायती काम करते रहे? नहीं, आप उसे लेना चाहेंगे जो ज़्यादा चल रहा हो, जिसका ट्रेंड हो, जिसमें जदीद सहूलियात हो, तो ठीक इसी तरह अब दीन का काम करने वालों को भी खुद को अपडेट करना होगा वरना आपका वर्ज़न (Version) पुराना होता चला जाएगा और लोग आपसे दूर होते चले जाएँगे लिहाज़ा खुद को बदलें नया सोचें, बड़ा सोचें, हट कर सोचें और अगर ऐसा नहीं करना चाहते, जो जैसा चल रहा है उसे वैसे ही घसीटना चाहते हैं तो फिर लगे रहिए अल्लाह उसी में एक खैर से नवाज़े।

कुछ करना होगा

बैठने से काम नहीं चलेगा!

कुछ तो करना होगा!

सोचना अच्छा है पर सिर्फ सोचना अच्छा नहीं!

कम से कम अपनी सोच, अपनी फ़िक्र, अपने ख्याल का इज़हार कीजिये ताकि दूसरों के लिये वो एक मक़्सद बन जाये।

आप क़ादिर हैं जिस पर वो तो करें,

हर शख्स अपना बेहतर दिखाने की कोशिश करे।

सुकूत मौत है।

कोहराम मचाना होगा।

जिस शोबे में जायें तो अपनी पूरी ताक़त लगा दें।

हार उसी वक़्त मानें जब आखिरी साँस आ जाये।

तसल्सुल के साथ थोड़ा अ़मल भी खूब फाइदा देता है।

आज से शुरू करें जो आप कर सकते हैं, ना सोचें कि आप के बस का नहीं बल्कि उतर जायें मैदान में।

करना ही होगा वरना कौन आयेगा?

क्या हम सब एक दूसरे पर इल्ज़ाम देते रहेंगे या खुद अपनी ताक़त के मुताबिक़ और अपनी सलाहिय्यतों के मुताबिक़ मैदाने अ़मल में आयेंगे?

फैसला आप का है कि या तो मौक़ों के इंतिज़ार में इंतिज़ार बन जायें या खुद मौक़ा बन कर आगे बढें।

मक़्सदे जिंदगी

हर इन्सान का मक़्सदे ज़िंदगी अल्लाह त'आला की बन्दगी है।

इरशादे बारी त'आला है :

وَ مَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَ الْاِنْسَ اِلَّا لِیَعْبُدُوْنِ

"और मैं ने जिन और आदमी इसी लिये बनाये की मेरी इबादत करें"

गोया मा'लूम हुआ की हम दुन्या में कुछ मुद्दत के लिये आये हैं और मक़्सद अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त को राजी करना है।

हदीस :

اِنَّ الدُّنیاَ خُلِقَتْ لَکُمْ وَاَنْتُمْ لِلاٰخِرَۃِ

के ये दुन्या तुम्हारे लिये पैदा की गयी है और तुम्हें आखिरत के लिये पैदा किया गया है।

(احیا العلوم الدین لامام الغزالی)

इस फरमान के पेशे नज़र हमें दुन्या में रह कर आखिरत की तैयारी करनी है।

और ये आखिरत की तैयारी मर्द व औरत दोनो की जिम्मेदारी है।

आज तनज़्ज़ूली का दौर है और हमारी ख्वातीन दुन्या परस्ती की ऐसी दौड में लग गयी हैं की वोह अपना असल किरदार और मक़ाम भुल गयी हैं!

अक्सर ख्वातीन ने चरागे महफिल बनने को ही जींदगी का मक़्सद समझ लिया है!

जो शरीफ या कद्रे दीनदार घराने हैं उन की ख्वातीन फक़्त घर और बच्चों की देख भाल को ही मक़्सदे जींदगी समझती हैं।

मगर तारीख़ पर नज़र करें तो पता चलता है की ख्वातीने इस्लाम ने दाइरा-ए-इस्लाम में रह कर ही इल्म व अदब और तालीम व तदरीस के मैदान में उलूमे

क़ुरान, उलूमे हदीस, उलूमे फिक़्ह व दीगर मुतादवाला उलूम, रोज मर्राह की मुआशरत और जिहाद वगैराह गरज की हर मैदान में अपने ज़ौहर दीखायें हैं।

हमारी ख्वातीन को भी चाहिये की अपने अंदर दीनी ज़ौक पैदा करें और अस्लाफ का किरदार अपने सामने रख कर अपनी जींदगी का मक़्सद हासिल करें।

लिखने वालो के साथ परेशानिया

हम लिखते क्यूँ हैं?

ताकी उसे कोई पढ़े...,

अब हमारे लिखे को कोई कैसे पढ़ेगा?

हम उसे आम करेंगे...,

पहले ज़माने की बात तो अलग थी पर आज लिखे हुये को आम करने का तरिक़ा अलग है जिस में वक़्त, माल और कयी साथियों की ज़रूरत पड़ती है।

मिसाल के तौर पर किसी के पास काफी इल्मी मवाद है जिसे वो ज़माने के तक़ाज़ो के मुताबिक़ तरतीब देना चाहता है ताकी अवामो ख्वास फायेदा उठा सकें पर क्या ये सोचने जैसा ही इतना आसान है?

अगर एक रिसाला ही तैय्यार करना हुआ तो पहले क़लम और कागज़ पर आगाज़ करना होगा फिर उसे टाईप करवाना होगा, फिर बारी आती है कम्पोजिंग की, फिर कवर डिज़ाइनींग की और फिर हार्ड कॉपी आते आते एक लंबा वक़्त और काफी माल खर्च करना पड़ता है जो के हर किसी के बस का नहीं।

अगर सिर्फ़ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़रिये ही आम करना चाहे तो एक नेटवर्क, एक प्लेटफॉर्म की ज़रूरत पड़ती है जिस पर सालो मेहनत करनी पड़ेगी वरना आप के लिखे हुये को बस गिनती के लोग ही पढ़ सकेंगे।

दौरे हाज़िर में तहरीरी काम बहुत ज़रूरी है, यही असल सरमाया है

कयी मौज़ूआत खाली पड़े हैं यानी उन पर काम ही नहीं हो रहा।

तक़रीर करने वालो की कसरत का आलम आप जानते हैं पर लिखने वाले बहुत कम हैं और लिखते हैं तो उसे आम करने के जदीद ज़राये (Sources) का सहीह इस्तेमाल करने से क़ासिर हैं।

हमें चाहिये की लिखने वालो का साथ दें।

उनकी परेशानियो को दूर करें।

उनकी हौसला अफजाई करें।